श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016

एफ 3/38/शै./पीएच.डी.//2021-22/ 1065

दिनांक: 16.12.2021

कार्यालय सूचना

शैक्षणिक सत्र 2020-21 में विश्वविद्यालय के सम्बन्धित विभागों में शोध कार्य हेतु विद्यावारिधि पाठ्यक्रम में अस्थायी रूप से पंजीकृत शोध छात्रों के स्थायी पंजीकरण हेतु शैक्षणिक नियम-परिचायिका में प्रदत्त प्रावधानों के अनुसार विभागीय शोध समितियों की अनुशंसाओं की स्वीकृति हेतु दिनांक 28, 29 एवं 30 दिसम्बर, 2021 को शोध मण्डल की बैठक सारस्वत साधना सदन के वाचस्पति सभागार में निम्नलिखित समय-सारणी के अनुसार आफलाईन माध्यम से आयोजित की जायेगी।

क्र.सं.	पीठ	शोध मण्डल की बैठक की तिथि एवं समय
01	वेद वेदांग पीठ	दिनॉक 28 दिसम्बर, 2021 समय प्रातः 10:00 बजे से 04:00 बजे तक
02	दर्शन संकाय पीठ	दिनॉक 29 दिसम्बर, 2021 समय प्रातः 10:00 बजे से 04:00 बजे तक
03	साहित्य एवं संस्कृति पीठ	दिनॉक 30 दिसम्बर, 2021 समय प्रातः 10:00 बजे से 01:30 बजे तक
04	शिक्षाशास्त्र पीठ	दिनॉक 30 दिसम्बर, 2021 समय अपराह्न 02:00 बजे से 04:00 बजे तक

उपरोक्त समय-सारणी के अनुसार सम्बन्धित शोध छात्रों को सूचित किया जाता है कि उन्हे शोध मण्डल की बैठक में अपनी-अपनी शोध संक्षिप्तिका का प्रस्तुतिकरण (Power Point Presentation) के माध्यम से करना होगा तथा अपने साथ शोध संक्षिप्तिका की एक मूल प्रति अनिवार्य रूप से लेकर आना होगा। शोध मण्डल की बैठक आफलाईन माध्यम से आयोजित की जायेगी। समस्त विभागाध्यक्षों से अनुरोध है कि वे अपने विभाग में पंजीकृत शोध छात्रों को सूचित करने का भी कष्ट करें। शोध मण्डल की बैठक में उपस्थित होने वाले समस्त शोध छात्रों को कोविड़-19 से बचाव हेतु निर्धारित दिशा-निर्देशों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

यह सूचना माननीय कुलपति महोदय की स्वीकृति अनुसार जारी की जा रही है।

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)

प्रतिलिपि:-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

01. शोध मण्डल के समस्त सदस्य
02. समस्त पीठ प्रमुख/समस्त विभागाध्यक्ष
03. निदेशक आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ तथा कुलानुशासक
04. विभागाध्यक्ष-शोध विभाग
05. विशेष कार्याधिकारी परीक्षा
06. उपकुलसचिव (परीक्षा/शैक्षणिक विभाग)
07. सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर को इस आशय से प्रेषित कि वे सूचना को विश्वविद्यालय की बेव-साईट पर अंकित करवाने का कष्ट करें तथा दिनांक 28, 29 एवं 30 दिसम्बर, 2021 को शोध मण्डल की बैठक आयोजित करवाने हेतु तकनीकी सुविधा हेतु तकनीकी सहायक को निर्देश देने का कष्ट करें।
08. प्रभारी अतिथि निवास को इस आशय से प्रेषित की वे उक्त तिथियों में शोध मण्डल के वाह्य सदस्यों के अतिथि निवास में ठहरने तथा शोध मण्डल की सदस्यों को भोजन/जलपान आदि का सुविधा उपलब्ध कराने का कष्ट करे।
09. सहायक कुलसचिव, लेखा विभाग को इस आशय से प्रेषित की शोध मण्डल के वाह्य सदस्यों को नियमानुसार बैठक भत्ता/यातायात भत्ता आदि का भुगतान जानी करने की व्यवस्था करने का कष्ट करें।
10. सहायक अभियन्ता को इस आशय से प्रेषित की उक्त तिथियों में बैठक आयोजित करने हेतु वाचस्पति सभागार खुलवाने हेतु सम्बन्धित सहायक को निर्देश देने का कष्ट करें।
11. सहायक कुलसचिव, सामान्य प्रशासन को इस आशय से प्रेषित कि बैठक के दौरान आवश्यकतानुसार मास्क एवं सेनेटाईजर की व्यवस्था करने का कष्ट करें।
12. कुलपति के निजी सचिव
13. कुलसचिव के निजी सचिव
14. कार्यालय आदेश पंजिका

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)

Sh. Gyan

16/12/21

Pls upload on website.

Sh. Sachin

17/12/2021